7 ● RF(A)/100/3354

ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 12 ]
Total No. of Printed Pages : 12 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 38 ]
Total No. of Questions : 38 ]

**A**

**CCE RF**
**REVISED**
**FULL SYLLABUS**

Question Paper Serial No. **100**

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 85-H**
**Code No. : 85-H**

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ
# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ/ Hindi Medium )**
**(ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Fresh )**

ದಿನಾಂಕ : 15. 04. 2023 ] [ Date : 15. 04. 2023
ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 10-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ–1-45 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 10-30 A.M. to 1-45 P.M.
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ] [ Max. Marks : 80

***परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :***

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 38 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने के 15 मिनट भी शामिल हैं ।

[ Turn over

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

**I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए चार विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें ।** **8 × 1 = 8**

1. सहायक संधि को स्वीकार करने वाला पहला देशी राज्य था

(A) अवध का नवाब

(B) जूनागढ़ का नवाब

(C) हैदराबाद का निज़ाम

(D) ग्वालियर का सिंधिया

2. भारतीय संघ में गोवा का विलय किस वर्ष हुआ ?

(A) 1951 में (B) 1961 में

(C) 1953 में (D) 1963 में

3. डॉ० डी० एम० नन्जुनदप्पा समिति की स्थापना किस उद्देश्य से हुई थी ?

(A) साम्प्रदायिकता को रोकना

(B) क्षेत्रवाद को रोकना

(C) निरक्षरता को रोकना

(D) भ्रष्टाचार को रोकना

4. ''निस्संदेह समस्त मानवजाति एक है'' की घोषणा किसने की ?

(A) पंपा

(B) रान्ना

(C) जान्ना

(D) पोन्ना

5. राजेश ने एक पचीस हजार रुपए का टी० वी० खरीदा जो दो दिनों के अंदर ही बिगड़ गया । टी० वी० कंपनी ने उसकी शिकायत पर विचार नहीं किया । उसे इस मामले को कहाँ दर्ज कराना होगा ?

(A) जिला उपभोक्ता मंच ( फोरम )

(B) राज्य उपभोक्ता आयोग

(C) राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग

(D) तालुक उपभोक्ता मंच ( फोरम )

6. निम्न में से पारंपरिक ऊर्जा स्रोत का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है

(A) पवन ऊर्जा

(B) ज्वारीय ऊर्जा

(C) सौर ऊर्जा

(D) प्राकृतिक गैस

7. नीति ( NITI ) आयोग की अध्यक्षता प्रधानमंत्री के पास है परंतु उसके दैनिक क्रियान्वयन की देख-रेख किसके द्वारा की जाती है ?

(A) राष्ट्रपति

(B) सचिव

(C) उप-प्रधानमंत्री

(D) उप-सभापति

8. बाल मजदूरी निषेध एवं नियंत्रण अधिनियम किस वर्ष बनाया गया ?

(A) 1988 (B) 1994

(C) 1986 (D) 2006

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें : $8 \times 1 = 8$**

9. वेलेस्ली ने सहायक संधि क्यों प्रस्तुत किया ?

[ Turn over

10. प्रथम विश्व युद्ध का तात्कालिक कारण क्या था ?

11. सम्प्रदायवाद क्या है ?

12. पूर्वाग्रह का क्या अर्थ है ?

13. काल बैशाखी क्या है ?

14. गंगा डेल्टा के मैंग्रोव वनों को सुन्दरबन क्यों कहा जाता है ?

15. घाटे का बजट क्या है ?

16. बैंक किस प्रकार के खातों से सेवा खर्च वसूल करते हैं ?

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर दो से चार वाक्यों / बिंदुओं में दें :**

**8 × 2 = 16**

17. भारत सरकार द्वारा निरक्षरता उन्मूलन के लिए क्या उपाय किये गये हैं ?

**अथवा**

भारत में आतंकवाद रोकने के लिए क्या उपाय किये गये हैं ?

18. ''सामाजिक स्तरीकरण सामान्यतः सभी देशों में नहीं देखा जाता है ।'' स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

दंगों के स्वरूप को स्पष्ट करें ।

19. ''अंग्रेजों ने 1909 के भारतीय परिषद अधिनियम का प्रयोग भारत को विभाजित करने और शासन करने के लिए किया ।'' सत्यापन कीजिए ।

20. भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध के क्या प्रभाव थे ?

21. भारत में सिंचाई अत्यंत आवश्यक है । क्यों ?

22. भारत का पूर्वी तट अधिक चक्रवात प्रवण है । क्यों ?

23. किन घटकों के फलस्वरूप हरित क्रांति हुई ?

24. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के मुख्य उद्देश्य क्या हैं ?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर छह वाक्यों / बिंदुओं में दें : 9 × 3 = 27**

25. कृष्णराजा वोडियार IV को अपनी जनता के मध्य शिक्षा का प्रसार करने में अधिक रुचि थी । सत्यापित कीजिए ।

26. बक्सर के युद्ध के परिणाम की व्याख्या कीजिए ।

27. प्रार्थना समाज के क्या उद्देश्य थे ?

**अथवा**

नरमपंथियों द्वारा ब्रिटिश सरकार के समक्ष प्रस्तावित मांगें क्या थीं ?

28. विश्व की आर्थिक समस्याओं के निवारण में IMF की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

29. असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को किन समस्याओं का सामना करना पड़ता है ? सूचीबद्ध कीजिए ।

30. भूमि अपरदन कई समस्याओं को जन्म देती है । पुष्टि कीजिए ।

31. भारत के पूर्वी तट पर स्थित प्रमुख बंदरगाहों को सूचीबद्ध कीजिए ।

**अथवा**

भूकंप के निवारक उपायों की सूची बनायें ।

32. ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्वयं-सहायता समूहों की मुख्य भूमिका क्या है ?

**अथवा**

केन्द्र सरकार द्वारा संगृहित गैर-कर राजस्व के प्रमुख प्रकार क्या हैं ?

33. एक उद्यमी की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

**अथवा**

बैंकों द्वारा ग्राहकों को कई प्रकार की सेवाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं । वर्णन कीजिए ।

[ Turn over

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर लगभग आठ वाक्यों / बिंदुओं में दें :**

**4 × 4 = 16**

34. भारतीय संघ में कश्मीर का एकीकरण अन्य प्रांतों की तुलना में अद्वितीय है । कैसे ?

35. भारत और चीन के बीच का संबंध इन दिनों तनावग्रस्त हो गया है । क्यों ?

36. "भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है ।" सत्यापित कीजिए ।

37. भारतीय स्वतंत्रता के प्रथम युद्ध के राजनीतिक एवं आर्थिक कारणों को स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

जलियाँवाला बाग हत्याकांड का वर्णन कीजिए ।

**VI.** 38. **भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें :** **1 + 4 = 5**

a) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्वी देशांतर

b) कोची

c) विशाखापटनम

d) कोयना ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 38 के बदले में )**

बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं के मुख्य उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए । **5**